फा.सं.11/1/2006-आईआर
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

तीसरा तल, जीवनदीप भवन,
संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001
13 अगस्त, 2018

सेवा में

कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन)
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्पलेक्स,
कफ परेड
मुम्बई।

विषय: वर्ष 2012-2017 की अवधि के लिए आईडीबीआई बैंक के वेतन एवं भत्तों में संशोधन।

महोदय,

कृपया आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के दिनांक 24.7.2018 के पत्र सं. एचआरडी सं.1647/2018-19/क्षतिपूर्ति का संदर्भ लें जिसमें सरकार से वर्ष 2012-17 की अवधि हेतु वेतन एवं भत्ते के संशोधन के कार्यान्वयन हेतु अनुमोदन देने का अनुरोध किया गया है।

2. इस संबंध में, अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 18.7.2018 के समझौता ज्ञापन के माध्यम से बैंक तथा कर्मचारियों की यूनियन के बीच हुई शर्तों और निबंधनों पर सहमति के अनुसार तथा दिनांक 19.7.2018 के पत्र के माध्यम से अधिकारी संघों के साथ हुये समझौते के अनुसार वर्ष 2012-17 तक की अवधि के लिए आईडीबीआई के **क** से **ग** तक के संवर्गों के कर्मचारियों (कामगार) तथा अधिकारियों के वेतन एवं भत्तों में संशोधन हेतु आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के प्रस्ताव को सरकार ने एतदद्वारा अपना अनुमोदन दे दिया है।

3. इसे माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से जारी किया गया है।

भवदीय

(एस.आर. मेहर)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23362133
ईमेल : ir@nic.in